शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल

शनिवार 18 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 347 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan




## न्यूज ब्रीफ

### कर्नाटक में कार और बस की टक्कर के बाद दोनों में आग लगी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के यादगीर जिले में शुक्रवार को कार और बस की टक्कर में एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई। आमने-सामने की टक्कर के बाद कार और बस दोनों में आग गई थी। शुरुआती जांच के मुताबिक, कार का टायर फटने से ड्राइवर का कंट्रोल छूट गया। इसी दौरान सामने से आ रही बस से टक्कर हो गई और कार में आग लग गई। कार में 10 लोग सवार थे, जिनमें 3 बच्चे भी शामिल थे। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां 9 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। उन्हें समय रहते बाहर निकाल लिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट अवैध खनन पर सख्त, बोला- कानून मजबूत

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि खनन माफिया से निपटने के लिए कानून पूरी तरह मजबूत है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी सही तरीके से कार्रवाई नहीं कर रहे हैं और मामले को टाल रहे हैं। कोर्ट ने इशारा किया कि इसकी वजह समझना मुश्किल नहीं है। कोर्ट ने नेशनल चंबल घड़ियाल अभयारण्य में हो रहे अवैध रेत खनन पर चिंता जताते हुए कई निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि यह मामला सिर्फ नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी गंभीर खतरा है।

### अशोक खरात के करीबी और पत्नी की कार एक्सीडेंट में मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को जेल में बंद गॉडमैन अशोक खरात के करीबी जितेंद्र शेलके (55) और उनकी पत्नी अनुराधा (50) की कार खड़ी कंटेनर ट्रक से टकरा गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 12 बजे धोतरे गांव के पास हुआ, जब शेलके गाड़ी चला रहे थे और नियंत्रण खो बैठे। तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया गया। बेटे का इलाज जारी है और पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया।

# जो परिसीमन के विरोधी, वे एससी-एसटी सीटों की बढ़ोतरी के खिलाफः शाह

महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन और परिसीमन बिल 2026 को लेकर तीन दिनों का संसद का विशेष सत्र चल रहा है। 16 अप्रैल से शुरू हुए इस सत्र का आज दूसरा दिन है। इस सत्र का उद्देश्य लोकसभा सदस्यों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 तक करने के लिए परिसीमन और महिला आरक्षण पर चर्चा है। कुल सीटों की 33 फीसदी सीटों महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। यह व्यवस्था 15 सालों के लिए लागू की जाएगी और संसद चाहे तो इसे बढ़ा सकती है।

## इन तीन बिलों पर लोकसभा में चर्चा

**संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026:** लोकसभा सीटें 850 करने का प्रस्ताव है। राज्यों से 815 और केंद्र शासित प्रदेश से 35 सीटें हो सकती हैं।

**परिसीमन (संशोधन) विधेयक, 2026:** परिसीमन के लिए 'जनसंख्या' की परिभाषा में बदलाव किया जाएगा। ताकि 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाए।

**केंद्र शासित प्रदेश कानून विधेयक, 2026** पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन करता है, ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण बिल लागू हो सकें।

राष्ट्रबाण नईदिल्ली | एजेंसी rashtrabaan.in

**अमित** शाह ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर कहा कि इसके प्रावधान से ही एससी और एसटी की संख्या के आधार पर सीटें बढ़ेंगी। संतुलित समावेशी और व्यवहारिक लोकतांत्रिक ढांचा तैयार करने की जिम्मेदारी सरकार की है। अभी ये जिम्मेदारी मोदी सरकार की है। ये देश की जनता तय करती है। ये वंश, परंपरागत नहीं होती।

शाह ने आगे कहा कि कई सदस्यों ने अनेक आशंकाए व्यक्त कीं। कहा कि अभी क्यों लाए। मैं बताना चाहता हूं कि नारी शक्ति वंदन अधिनियिम में जिक्र है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद जो चुनाव होगा, उसमें महिलाओं के लिए आरक्षण होगा। लोकसभा में महिला आरक्षण को लागू करने के लिए सीटों के परिसीमन से जुड़े तीन संशोधित बिलों पर आज लोकसभा में दूसरे दिन चर्चा जारी है। बिलों पर आज ही वोटिंग होगी।

**शाह बोले- हम हर राज्य की सीटें 50 फीसदी बढ़ा रहे हैं**

शाह ने कहा- परीसीमन आयोग एक तरह से संवैधानिक अधिकार है। हर वोटर को अपना प्रतिनिधि समान रूप से पाने का अधिकार है। तमिलनाडु में 39 सीटें है। अगर 2011 की जनगणना के आधार पर करते हैं तो तमिलनाडु की सीटें 6 कम हो जाएंगी। लेकिन हम हर राज्य की सीटें 50 फीसदी बढ़ा रहे हैं। कुछ सदस्यों ने सवाल उठाया कि जनगणना समय पर क्यों नहीं हुई। सबको मालूम है कि 21 में जनगणना होनी थी, लेकिम कोविड संकट आया और उसके कारण जनगणना नहीं हो पाई।



### महिला आरक्षण अधिनियम लागू

**महिला** आरक्षण अधिनियम 2023 गुरुवार से लागू हो गया। केंद्रीय विधि मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। हालांकि, यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि संसद में इस कानून में संशोधन करने और इसे 2029 में लागू करने पर जारी चर्चा के बीच 2023 के अधिनियम को 16 अप्रैल से प्रभावी क्यों अधिसूचित किया गया। कानून को लागू करने के संबंध में एक अधिकारी ने ''तकनीकी खामियों'' का हवाला दिया, लेकिन इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। अधिकारी ने कहा कि हालांकि अधिनियम लागू हो चुका है, लेकिन मौजूदा सदन में आरक्षण को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इसे अगली जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही क्रियान्वित किया जा सकता है। अधिसूचना के अनुसार, संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार एतद्वारा 16 अप्रैल, 2026 को वह तिथि घोषित करती है जिस दिन से उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।

### राहुल की स्पीच की 4 बड़ी बातें, कहा- जादूगर पकड़ा गया

**सच यह है कि जादूगर पकड़ा गया है:** भाजपा जानती है कि यह बिल पास नहीं हो सकता। वे इतने बेवकूफ नहीं है वे जानते हैं। इसीलिए उन्होंने चुनावी नक्शा बदलने के लिए महिला आरक्षण का सहारा लिया। सच यह है कि जादूगर पकड़ा गया है। सिंदूर, नोटबंदी का जादूगर पकड़ा गया है।

**हम आपको चुनावी नक्शा बदलने नहीं देंगे:** आप डरते हो कि देश की राजनीति में क्या हो रहा है। आपकी पॉवर कम होती जा रही है। इसलिए चुनावी नक्शा बदलना चाह रहे हो जैसा कि असम में किया, लेकिन हम आपको ऐसा नहीं करने देंगे। पूरा विपक्ष इसे हरा कर रहेगा।

**पीएम ने अमेरिका के साथ दबाव में समझौता किया:** अमेरिका के साथ एक ऐसा समझौता किया गया जिस पर देश का कोई भी प्रधानमंत्री किसी भी हाल में दस्तखत नहीं करता। जब तक कि वह किसी दबाव में न हो, कल मैं प्रधानमंत्री को बोलते हुए देख रहा था। उनमें ऊर्जा की कमी लग रही थी, वे अपना मैसेज ठीक से पहुंचा नहीं पा रहे थे। अचानक मेरा ध्यान इस बात पर गया कि कल 16 अप्रैल थी। यही वह संख्या है- 16, इसी में पहेली का जवाब छिपा है।

**दलितों, ओबीसी वर्गों के लिए क्रूरता वाला बिल:** भारत के इतिहास में यह सबसे कड़वा सच है। मैं इसके बारे में सब जानता हूं। यह ओबीसी, दलित वर्गों के लिए क्रूरता वाला बिल है। सभी जानते हैं कि ओबीसी, दलित और महिलाओं के साथ क्या होता है। सरकार ओबीसी का अधिकार छीनना चाहती है।

### शाह बोले- 2029 का चुनाव नारी शक्ति से कराने के लिए यह जरूरी

शाह ने कहा- 50 सालों तक 1976 से 2026 तक, देश की जनता को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधि नहीं मिला। 26 में सीमा खत्म के बाद परिसीमन करेंगे तो 2029 से पहले खत्म नहीं होगा और 2027 तक जनगणना के आंकड़े नहीं आ सकते। अगर हम 2029 का चुनाव नारी शक्ति के स्पिरिट से कराना चाहते हैं तो अभी लाना पड़ेगा। मुझे लगता है विपक्ष समझे हुए हैं। 76 में 56.79 करोड़ आबादी थी। आज 140 करोड़ है। तब जितने सांसद थे, विपक्ष अब भी उतने ही सांसद रखना चाहता है।

# ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार : ट्रम्प

ईरानी मीडिया बोला- हवाई किले बनाना बंद करें ; होर्मुज संकट पर आज 40 देशों की बैठक




राष्ट्रबाण तेलअवीव | एजेंसी rashtrabaan.in

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी और हालात सामान्य हो जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं।

वहीं, होर्मुज संकट को लेकर आज 40 देशों की वर्चुअल बैठक होगी। फ्रांस और ब्रिटेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक होर्मुज में नाकेबंदी और उससे दुनिया में तेल और सप्लाई पर पड़ रहे असर को लेकर होगी। इस बैठक में अमेरिका शामिल नहीं होगा।

**इजराइल-लेबनान सीजफायर डील:** अमेरिका की पहल पर इजराइल और लेबनान शुक्रवार से 10 दिन के सीजफायर पर राजी हो गए हैं। इसका मकसद स्थायी सुरक्षा और शांति समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाना है।

### परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब ईरान

यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानी शुद्ध किया गया है। प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए स्टेप बाय स्टेप शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी IAEA की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के पास कुल मिलाकर करीब 5 से 6 टन के बीच एनरिच्ड यूरेनियम मौजूद है। हालांकि, यह इतना एनरिच्ड नहीं है कि इससे परमाणु हथियार बन सकें। अभी 120 से 130 किलोग्राम के आसपास यूरेनियम को 60% तक एनरिच्ड किया जा चुका है। अगर यह एनरिच्डमेंट 90% तक कर लिया गया तो इससे परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं। इसलिए अमेरिका और इजराइल, ईरान पर परमाणु कार्यक्रम सीमित करने और एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने का दबाव बनाते रहे हैं।

# भाजपा जितनी साजिश रच ले, उसकी हार होगी : ममता

असम सीएम हिमंता ने कहा- घुसपैठ से देश बांग्लादेशी मुसलमानों का अड्डा बन जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी।

**पश्चिम** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कूच बिहार की सभा में कहा- हमारे पार्टी कार्यालयों, कैंडिडेट के घरों तक पर छापेमारी हो रही है। लेकिन, चाहे कितनी भी साजिश रच लें, भाजपा को हार का सामना करना ही होगा। वहीं, मालदा में चुनाव प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा- हर जनगणना में मुस्लिम आबादी 4-5% बढ़ी है। असम में भी यही हो रहा है।




मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि देश को बचाना आपके हाथों में है। अगर बंगाल, असम, त्रिपुरा और मेघालय मिलकर काम नहीं करेंगे, तो देश बिखर जाएगा। देश बांग्लादेशी मुसलमानों का अड्डा बन जाएगा।

## भाजपा नेता की हत्या में कर्नाटक कांग्रेस एलएलए को उम्रकैद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा नेता योगेश गौड़ा गौदार हत्याकांड में बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 17 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कर्नाटक के धारवाड़ में 15 जून 2016 को बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य योगेश गौड़ा की उनके जिम में हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने जांच की, लेकिन राजनीतिक दबाव और आरोपों के चलते 2019 में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था।

# संभल मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार ढहाई गई : अब बुलडोजर बाकी हिस्सों को तोड़ रहा

राष्ट्रबाण संभल | एजेंसी rashtrabaan.in

**संभल** में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे गिरा दी गई। अब बुलडोजर मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ रहा है। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं। एक मजदूर मीनार पर चढ़कर रस्सी को बांधा, फिर उसके दूसरे सिरे को दोनों हाइड्रा मशीनों से बांधा। इसके बाद मशीनों से खींचकर मीनार को गिरा दिया।





मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर हैं। गांव वाले जुटने लगे तो विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

12 दिन पहले, यानी 5 अप्रैल को मस्जिद पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन उस समय बुलडोजर चालक ने मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार तोड़ने से मना कर दिया था। तर्क दिया था कि मीनार बुलडोजर के ऊपर गिर सकती है। हालांकि उस दिन मदरसा, पांच दुकानें और मस्जिद का गेट तोड़ दिया गया था।

**दो ग्रामीण अपने मकान खुद तोड़ रहे:** मुबारकपुर बंद गांव गुलाम रसूल और आसमा के मकानों के कुछ हिस्से सरकारी जमीन पर बने हैं। प्रशासन ने दोनों से खुद ही कब्जा हटाने को कहा है। इसके बाद आसमा ने घर के आगे बने हिस्से को और गुलाम ने घर के गेट को छैनी-हथौड़ी से तोड़ना शुरू कर दिया है।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश : उन पर ब्रिटिश नागरिकता का आरोप

राष्ट्रबाण लखनऊ | एजेंसी rashtrabaan.in

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जज ने कहा, एफआईआर दर्ज करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए।

कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट को लगाए गए आरोपों की सत्यता पर टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं थी। कोर्ट ने सीबीआई से मामले की जांच के आदेश भी दिए।



28 जनवरी, 2026 को एमपी-एमएलए कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था- 'मामले में हाईकोर्ट- सुप्रीम कोर्ट से अब तक कोई आदेश पारित नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से नागरिकता (सिटीजनशिप) के संबंध में कोई नया या ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।'

कोर्ट ने मंत्रालय से 'टॉप सीक्रेट' फाइलें ली सुनवाई के दौरान जज सुभाष विद्यार्थी ने गृह मंत्रालय के फॉरेनर्स डिवीजन को निर्देश दिए थे कि मामले से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पेश करें। मंत्रालय ने केस से जुड़ी सभी फाइलें हाईकोर्ट में पेश कीं। विग्नेश शिशिर का दावा है कि उन्होंने कोर्ट के समक्ष ऐसे दस्तावेज और साक्ष्य पेश किए हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि राहुल गांधी यूनाइटेड किंगडम में मतदाता रहे हैं।

यूपी के बांदा में पारा 44एष्ट पार ; मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में लू की चेतावनी

# गर्मी के बीच राजस्थान में बारिश, हरियाणा में ओले गिरे

राष्ट्रबाण नईदिल्ली | एजेंसी rashtrabaan.in

**देश** के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। गुरुवार को यूपी के बांदा में पारा 44.4 डिग्री, एमपी के नर्मदापुरम में 43 डिग्री, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच है।

इधर, राजस्थान के हनुमानगढ़ में बारिश के साथ ओले गिरने से मंडी में रखा अनाज भीग गया। मौसम विभाग के मुताबिक, आज जयपुर समेत 5 से ज्यादा जिलों में बरसात हो सकती है। हरियाणा में भी शुक्रवार दोपहर को बारिश और ओले गिरे।



छत्तीसगढ़ में हीटवेव के कारण 11 दिन पहले स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है।

गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड में अगले 3 दिन लू का अलर्ट है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में भी लू चलेगी। तटीय राज्यों में मौसम उमस भरा रहेगा।

देश के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। गुरुवार को यूपी के बांदा में पारा 44.4 डिग्री, एमपी के नर्मदापुरम में 43 डिग्री, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच है।

इधर, राजस्थान के हनुमानगढ़ में बारिश के साथ ओले गिरने से मंडी में रखा अनाज भीग गया। मौसम विभाग के मुताबिक, आज जयपुर समेत 5 से ज्यादा जिलों में बरसात हो सकती है। हरियाणा में भी शुक्रवार दोपहर को बारिश और ओले गिरे।

छत्तीसगढ़ में हीटवेव के कारण 11 दिन पहले स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है।

गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड में अगले 3 दिन लू का अलर्ट है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में भी लू चलेगी। तटीय राज्यों में मौसम उमस भरा रहेगा।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शनिवार 18 अप्रैल 2026

# राजधानी राष्ट्रबाण

● बैरसिया ● हुजूर ● कोलार

# कांग्रेस हर विधानसभा में 30 हजार परिवारों से लेगी 100-100रुपए

## कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग और संगठन पर खर्च होंगे ; हरीश चौधरी बोले- प्रस्ताव दिल्ली भेजा

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल के रविंद्र भवन में शुक्रवार को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल), कमलेश्वर पटेल, कांतिलाल भूरिया, डॉ. गोविंद सिंह, विजयलक्ष्मी साधौ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने बताया कि पार्टी में यह प्रस्ताव विचाराधीन है कि हर विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक परिवार से 100 रुपए का सहयोग लिया जाए। यह राशि जिला और ब्लॉक स्तर पर ही खर्च होगी और इसे प्रदेश या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में उपयोग नहीं किया जाएगा। प्रस्ताव को मंजूरी के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जुटाए गए संसाधनों का उपयोग प्रशिक्षण और संगठन निर्माण में किया जाएगा, जिससे पार्टी किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं रहेगी। कार्यकर्ता ही संसाधन जुटाकर संगठन को मजबूत करेंगे और इससे परिवारों के साथ पार्टी का जुड़ाव भी बढ़ेगा।

### जिला अध्यक्षों के काम का मूल्यांकन जारी

चौधरी ने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि वे मंडल, ब्लॉक, गांव और वार्ड स्तर पर संगठन का गठन सुनिश्चित करें। साथ ही गांवों में जाकर इकाइयों और बीएलए-2 का सत्यापन कर उनकी स्थिति का मूल्यांकन करें। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्षों के काम का मूल्यांकन जारी है और रिपोर्ट के आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्षों के कार्य का भी छह महीने बाद आकलन किया जाएगा।

### महिला आरक्षण पर साधौ का बयान

पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ ने महिला आरक्षण को लेकर कहा कि पहले भी इस पर सवाल उठे, लेकिन महिलाओं ने अवसर मिलने पर बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं, राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोधिया ने अपने संबोधन में कहा कि जब वे माइक पकड़ते हैं तो मंत्री और मुख्यमंत्री भी घबरा जाते हैं।

### ब्लॉक कमेटियों के गठन और सत्यापन पर निर्देश

कांग्रेस जन संवाद के लिए 21 सदस्यीय ब्लॉक कमेटी का गठन अनिवार्य बताया गया। सभी ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर की समितियां पूरी तरह बनी हों और जिन लोगों को जिम्मेदारी दी गई है, उन्हें इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल सूची बनाकर नाम भेजना पर्याप्त नहीं है। सभी नियुक्तियों का फिजिकल वेरिफिकेशन विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी और आईसीसी के कनेक्ट सेंटर के माध्यम से किया जाएगा। निर्देश दिए गए कि जो लोग काम नहीं करना चाहते, उन्हें कमेटी में शामिल न किया जाए। यदि गठन में कोई कमी है तो उसे तुरंत सुधारने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा पदाधिकारी न बने, जिसे यह ही पता न हो कि वह कमेटी में शामिल है। यदि फोन करने पर कोई व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी से अनजान मिलता है, तो यह स्थिति स्वीकार्य नहीं होगी।

### बैठकों की रिपोर्ट कनेक्ट सेंटर को देना अनिवार्य- चौधरी

हरीश चौधरी ने कहा कि कनेक्ट सेंटर की व्यवस्था के तहत संगठन की सभी बैठकों और उनमें शामिल लोगों की सूची अनिवार्य रूप से भेजी जाए। यदि कोई पदाधिकारी बैठक में शामिल नहीं होता है, तो इसकी जानकारी कनेक्ट सेंटर को दी जाए, पार्टी स्वयं इस पर निर्णय लेगी।



### संजय कामले बोले- ब्लॉक स्तर पर जन संवाद सम्मेलन होंगे

कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने कहा कि सभी ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय जन संवाद सम्मेलन शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति चाहे किसी भी नेता की अनुशंसा से हुई हो, अब उन्हें जिला अध्यक्ष के अधीन रहकर काम करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई जिला अध्यक्ष यह कहता है कि ब्लॉक अध्यक्ष उसकी बात नहीं सुनते, तो यह स्थिति ठीक नहीं है और संगठन में समन्वय जरूरी है।

### इष्टा वचावत बोलीं- कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन मजबूत करेंगे

मंदसौर की इष्टा वचावत ने कहा कि काम करने में दिक्कतें जरूर आ रही हैं, लेकिन यह संघर्ष संगठन को मजबूत करने के लिए है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और उत्साह मिला है। उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि वह लगातार विरोध और आरोपों के बावजूद अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डटे हुए हैं। इष्टा वचावत ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य रूठे हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वापस जोड़ना है।

### टी.आर. गहलोत बोले- संगठन मजबूत कर नई सरकार बनाएंगे

ब्लॉक अध्यक्ष टी.आर. गहलोत ने कहा कि वह पुलिस मुख्यालय में रह चुके हैं और डीजी के साथ काम किया है, इसलिए उन्हें संघर्ष करने का तरीका पता है। उन्होंने कहा कि उनसे पूछा गया था कि वह क्या करना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा था कि जेल और रेल साथ-साथ चलेगी, यानी सामाजिक कार्य के लिए लगातार सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस और गांधीवादी विचारधारा से जुड़े हैं।

### देश में महिला आरक्षण कांग्रेस की सोच का परिणाम

पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में महिला आरक्षण कांग्रेस की सोच का परिणाम है और यह मुद्दा कांग्रेस के नेतृत्व में आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पहले ही पारित हो चुका है, लेकिन इसे लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार सीटों की संख्या और परिसीमन से जोड़कर इस मुद्दे पर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है।

### ब्लॉक अध्यक्ष बोलीं- जमीनी काम से संगठन मजबूत होगा

पन्ना की ब्लॉक अध्यक्ष रमा बुंदेलस ने कहा कि उन्हें खुद नहीं पता था कि वह ब्लॉक अध्यक्ष बनने वाली हैं। कोई पूर्व चर्चा नहीं हुई थी, लेकिन सूची जारी होने पर उनका नाम सामने आया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी और भरोसा दिया है, उसे वह पूरी ईमानदारी से निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि वह 2010 में जनपद अध्यक्ष रह चुकी हैं और दो पीढ़ियों से उनका परिवार कांग्रेस से जुड़ा है। 2023 के चुनाव में हार के बाद कार्यकर्ताओं में निराशा थी, लेकिन जीतू पटवारी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकर्ताओं में फिर से ऊर्जा आई। रमा बुंदेलस ने कहा कि उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर तक खुद जाकर समितियों का गठन किया है। उन्होंने केवल कागजी प्रक्रिया नहीं अपनाई, बल्कि हर कमेटी के सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से जुड़ने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यदि हर ब्लॉक इसी तरह काम करे, तो 2028 में कांग्रेस की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता।



### पहले ब्लॉक अध्यक्षों की पहचान सीमित, अब नाम से जानते

इंदौर के ब्लॉक अध्यक्ष रविकांत मिश्रा ने कहा कि अवसरवादी लोगों के पार्टी छोड़ने के बाद जीतू पटवारी के नेतृत्व में अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार बनने की संभावना है। कांग्रेस विधायक आदि वकील ने कहा कि पहले ब्लॉक अध्यक्षों की पहचान सीमित थी, लेकिन अब उन्हें लोग नाम से पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई, खासकर सिलेंडर के मुद्दे पर लोग परेशान हैं। ब्लॉक अध्यक्षों को रोज 30-40 नए लोगों से मिलना चाहिए, विरोधियों से संवाद करना चाहिए और उन्हें कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना चाहिए। साथ ही कार्यकर्ताओं की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता से करना चाहिए।



### जिला अध्यक्षों के काम का हो रहा मूल्यांकन, 6 महीने में समीक्षा

हरीश चौधरी ने कहा कि संगठन सृजन का उद्देश्य क्या है, इसे समझना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से करीब 9 महीने पहले नियुक्त किए गए जिला अध्यक्षों के कार्य का मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके लिए आईसीसी के सचिव वापसी रेड्डी जिला अध्यक्षों से चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कनेक्ट सेंटर के माध्यम से प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और अन्य नेताओं से मिली जानकारी के आधार पर निर्णय लिया जाएगा कि जिला अध्यक्षों का कार्यकाल आगे बढ़ेगा या नहीं। हरीश चौधरी ने कहा कि जिस प्रक्रिया के तहत ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है, उसी तरह भविष्य में उनके कार्य का भी मूल्यांकन किया जाएगा। छह महीने बाद ब्लॉक अध्यक्षों के काम की समीक्षा होगी और उसी आधार पर तय किया जाएगा कि वे आगे जिम्मेदारी निभाएंगे या नहीं। उन्होंने बताया कि प्रभारी और सचिव हर महीने अपनी रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपते हैं, और इसी आधार पर संगठन में आगे के फैसले लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर का पदाधिकारी हो, उसे अपने क्षेत्र की बैठकों में शामिल होना अनिवार्य है। ब्लॉक स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में कौन-कौन शामिल हुआ, इसकी रिपोर्ट भी कनेक्ट सेंटर को भेजनी होगी। चौधरी ने स्पष्ट किया कि बैठक में शामिल न होने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई का अधिकार पार्टी के पास है। इस संबंध में आगे सर्कुलर जारी कर जानकारी दी जाएगी। उन्होंने विधानसभा प्रभारियों से भी ब्लॉक अध्यक्षों को सहयोग देने की अपील की और कहा कि संगठन की असली ताकत जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता हैं, जिनके सहयोग से संगठन मजबूत होगा।

### जिला अध्यक्षों के काम का हो रहा मूल्यांकन, 6 महीने में समीक्षा

हरीश चौधरी ने कहा कि संगठन सृजन का उद्देश्य क्या है, इसे समझना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से करीब 9 महीने पहले नियुक्त किए गए जिला अध्यक्षों के कार्य का मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके लिए आईसीसी के सचिव वापसी रेड्डी जिला अध्यक्षों से चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कनेक्ट सेंटर के माध्यम से प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और अन्य नेताओं से मिली जानकारी के आधार पर निर्णय लिया जाएगा कि जिला अध्यक्षों का कार्यकाल आगे बढ़ेगा या नहीं। हरीश चौधरी ने कहा कि जिस प्रक्रिया के तहत ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है, उसी तरह भविष्य में उनके कार्य का भी मूल्यांकन किया जाएगा। छह महीने बाद ब्लॉक अध्यक्षों के काम की समीक्षा होगी और उसी आधार पर तय किया जाएगा कि वे आगे जिम्मेदारी निभाएंगे या नहीं।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों को सीएम हाउस घेरने से रोका

## भोपाल में बसों में भरकर थाने ले गई पुलिस ; बोले- गालियां दीं, बदसलूकी की, उंगलियां फैक्चर

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल में एमपी शिक्षक भर्ती 2025 के अभ्यर्थी सीएम हाउस घेरने निकले। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने पॉलिटेक्निक चौराहे पर रोक दिया। भीड़ को खदेड़कर भगाया। बस में भरकर खजूरी थाने ले गए। अभ्यर्थियों ने कहा- पुलिस ने गालियां दी। बदसलूकी की। झड़प में एक अभ्यर्थी के घायल हो गया। उंगलियां फैक्चर हो गईं। अभ्यर्थियों का कहना है कि- वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने के लिए सीएम हाउस की ओर जा रहे थे। पुलिस ने कुछ देर तक बैठाए रखा। इसके बाद अचानक उन्हें खदेड़ना शुरू कर दिया।

### अभ्यर्थियों का आरोप- गाली-गलौज और बदसलूकी

ग्वालियर से आए अभ्यर्थी सूरत सिंह धाकड़ ने बताया कि वे शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें वहां से हटाया। हमें खदेड़कर गाड़ियों में बैठाया गया और थाने छोड़ दिया गया, हमारे साथ बदतमीजी की गई। वहीं, शिवपुरी से आए अभ्यर्थी नितिन ने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान उनकी उंगली फैक्चर हो गई। उन्होंने कहा, हम सिर्फ अपनी मांग रखने जा रहे थे, कोई अपराध नहीं किया, फिर भी हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया गया।

### अभ्यर्थियों के साथ धक्का-मुक्की की गई

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस ने उन्हें जबरन बसों में बैठाया और अलग-अलग जगहों से उठाकर थाने पहुंचाया गया। इस कार्रवाई के दौरान कई अभ्यर्थियों के साथ धक्का-मुक्की और बल प्रयोग के आरोप भी सामने आए हैं।

### 1.15 लाख पद खाली, फिर भी भर्ती सीमित

अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रदेश में 1.15 लाख से अधिक शिक्षक पद खाली हैं, इसके बावजूद भर्ती में सीमित पद घोषित किए गए हैं। इससे योग्य उम्मीदवारों को अवसर नहीं मिल पा रहा है। अभ्यर्थी पिछले कई महीनों से भोपाल में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर खून से आवेदन लिखने, भूख हड़ताल, मुंडन और मार्कशीट दहन जैसे कदम भी उठाए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

# नासिक आईटी कंपनी विवाद पर बजरंग दल का प्रदर्शन

## भोपाल में लगे इस्लामिक जिहाद मुर्दाबाद के नारे, दाढ़ी-टोपी वाला पुतला लेकर पहुंचे कार्यकर्ता

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in



भोपाल में लगे इस्लामिक जिहाद मुर्दाबाद के नारे, दाढ़ी-टला पुतला लेकर पहुंचे कार्यकर्ताके यौन शोषण, मानसिक प्रताड़ना और जबरन धर्म परिवर्तन के दबाव के मामले को लेकर भोपाल में बजरंग दल विरोध कर रहा है। बुधवार को एमपी नगर क्षेत्र में बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारे लगाए। इनमें इस्लामिक जिहाद मुर्दाबाद, देश के गद्दारों को गोली मारो, लव जिहाद बंद करो जैसे नारे शामिल रहे। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता दाढ़ी-टोपी वाला पुतला भी लेकर पहुंचे, जिसके साथ उन्होंने प्रदर्शन किया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

**पदाधिकारी बोले- यह कॉर्पोरेट जिहाद**

बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि नासिक ञ्जष्टस् मामले में सामने आए आरोप बेहद गंभीर हैं। उन्होंने इसे ÷कॉर्पोरेट जिहाद÷ करार देते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन ने पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और ऐसे मामलों पर रोक लगाने की अपील की है।

### महिला-पुरुष दोनों ने दर्ज कराई शिकायत

गौरतलब है कि नासिक टीसीएस कार्यालय में 8-9 महिला कर्मचारियों और एक पुरुष ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने टीम लीडर्स और एचआर मैनेजर पर यौन शोषण, धार्मिक दबाव, जबरन धर्म परिवर्तन और संबंध बनाने के लालच में शोषण के आरोप लगाए हैं।

### सात आरोपी गिरफ्तार, एसआईटी गठित

मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज्य सरकार ने जांच के लिए विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) का गठन किया है।

## मंत्री के निर्देशों के बाद एक्शन में आई थी पुलिस ; खंडहर में मिले दो आरोपी, एक फरार

# भोपाल में टक्कर मारकर महिलाओं से लूट करने वाले गिरफ्तार

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल के गोविंदपुरा इलाके में स्थित पानी की टंकी के पास जेके रोड पर बाइक सवार 3 युवकों ने स्कूटी सवार महिलाओं से लूट की थी। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। गिरफ्तार दोनों आरोपी अन्य वारदात के लिए भेल के एक खंडहर में प्लनिंग कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के कब्जे से लूटा गया पर्स बरामद कर लिया गया है। जिसमें 15 सौ रुपए कैश सहित



फोन रखा था। फरार आरोपी की तलाश में थाने की दो टीमें जुटी हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी कई अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### राहगीरों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया

एडिशनल डीसीपी गौतम सोलंकी ने बताया कि किर्ती शर्मा और उनकी सहेली आंगनबाड़ी की आशा कार्यकर्ता हैं। दोनों पिपलानी में रहने वाली सहेली से मिलकर अपनी स्कूटी से बीते शनिवार की रात घर की ओर लौट रही थीं। पानी की टंकी के पास जेके रोड पर बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास किया। एक युवक ने चलती बाइक पर महिला के बैग को झपटने का प्रयास किया। क्योंकि बैग क्रास में टंगा था, वह आसानी से नहीं खिंचा, लुटेरे ने जोर लगाया तो महिला जमीन पर गिर गई। जिसके बाद आरोपी बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में नकदी, मोबाइल और दस्तावेज रखे थे। राहगीरों ने महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया, सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले थे।

### मंत्री सारंग अस्पताल पहुंचे, पीड़ित महिलाओं का जाना हालचाल

घटना की जानकारी मिलते ही खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान मंत्री सारंग ने उपस्थित डॉक्टरों से दोनों महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी भी ली। मंत्री सारंग ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही मंत्री सारंग ने पीड़ित महिलाओं के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और आरोपियों पर कठोरतम कार्रवाई करवाई जाएगी। घटना के बाद से स्थानीय क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# भोपाल में महिला इंजीनियर ने आत्महत्या की

## सुसाइड नोट में प्रेम में नाकाम होने का जिक्र, दो दिन पहले इंदौर से घर आई थी

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता rashtrabaan.in

भोपाल के कोलार इलाके में रहने वाली महिला इंजीनियर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना गुरुवार शाम की है, जबकि परिजनों की मौजूदगी में शुक्रवार दोपहर बॉडी का पीएम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के पास से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने प्रेम में नाकाम होकर सुसाइड करने की बात लिखी है। इस नोट में एक युवक का जिक्र करते हुए उसके साथ बिताए खास पलों की जानकारी लिखी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच

### इंदौर में प्राइवेट जॉब कर रही थी

प्रधान आरक्षक संतोष मीना ने बताया कि तनु कुशवाह पुत्री भगवान कुशवाह (25) कोलार की रहने वाली थी। वह बी.टेक करने के बाद बीते तीन सालों से इंदौर की एक प्राइवेट कंपनी में जॉब कर रही थी। 15 अप्रैल को छुट् टी लेकर भोपाल आई थी। परिजनों की गैर मौजूदगी में गुरुवार की रात को उसने घर में पंखे के सहारे दुपट् टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना स्थल पर ही पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है।

### सुसाइड नोट में साथ काम करने वाले युवक का जिक्र

युवती ने सुसाइड नोट में साथ जॉब करने वाले एक युवक के नाम को संबोधित करते हुए उसके साथ बिताए लम्हो का जिक्र किया। प्रेम में नाकाम होने की कई बातें लिखी हैं। हालांकि सुसाइड नोट में युवक पर किसी प्रकार के प्रताड़ित करने के आरोप नहीं है। नोट को जब्त कर जांच के लिए भेजा है। परिजनों के डिटेल बयानों के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। मृतका दो बहनों में बड़ी थी। उसके पिता नगर निगम में जॉब करते हैं। जबकि मां प्राइवेट काम करती हैं। बहन फिलहाल पढ़ाई कर रही है। तनु कई सपने लेकर इंदौर की एक कंपनी में जॉब करने पहुंची थी। वह बेहद गरीब परिवार से होने के साथ ही महनतकश थी। सरकारी योजनाओं का फायदा लेकर ग्रेजुएशन किया और बड़ी कंपनी में जॉब करने पहुंची।

# नैनपुर से उभरी नई ताकत, बजरंग दल नगर टीम का गठन




## बजरंग दल की नई कार्यकारिणी गठित, उभरा युवा नेतृत्व

नैनपुर| संवाददाता
rashtrabaan.in

नैनपुर की धरती एक बार फिर संगठनात्मक ऊर्जा और उभरते नेतृत्व की गवाह बनी, जब राष्ट्रीय बजरंग दल की नगर कार्यकारिणी के गठन हेतु आयोजित महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक ने न केवल संगठन की मजबूती का संदेश दिया, बल्कि आने वाले समय में क्षेत्रीय स्तर पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक सक्रियता को नई दिशा देने की रूपरेखा भी तैयार की।

बैठक की जानकारी देते हुए जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष विपिन अवधवाल ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि संगठन की शक्ति उसके कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण में निहित होती है, इसलिए हर स्तर पर जिम्मेदारी के साथ कार्य करना आवश्यक है।

बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। अमित सिंह, बिट्टू यादव, रोहित वनसे, नूतन नामदेव और शुभम ठाकुर सहित कई सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन की विभिन्न जिम्मेदारियां दी गईं, ताकि संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

विशेष अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति ने बैठक को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। अध्यक्ष चंद्रजीत सिंह रील तथा रूपेंद्र सिंह राठौर बिट्टू ने तहसील कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उनके नेतृत्व में घोषित कार्यकारिणी में अशोक भारदैया को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जो संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इसके साथ ही श्रेयांश श्रीवास को गौ रक्षा अध्यक्ष बनाया गया, जबकि नमन लाहोरिया को सह-संयोजक (गौ रक्षा) की जिम्मेदारी सौंपी गई। गौ रक्षा से जुड़े इन दायित्वों को संगठन की प्राथमिकताओं में प्रमुख स्थान दिया गया है, जो सामाजिक एवं सांस्कृतिक सरोकारों को दर्शाता है। अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों में प्रेम जावरे को मीडिया प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया, जो संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

छात्र वर्ग को जोड़ने के उद्देश्य से हर्ष विश्वकर्मा को छात्र परिषद अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिससे युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। वहीं भवानी कुमार को सह-मंत्री, साहिल सोनी और मोहित वंशकर को सह-गौ रक्षा अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। इन सभी नियुक्तियों के माध्यम से संगठन ने संतुलित और व्यापक नेतृत्व तैयार करने का प्रयास किया है।

दायित्व प्राप्त करने के उपरांत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया और पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने एक स्वर में कहा कि वे संगठन के मूल मंत्र ÷सेवा, सुरक्षा और संस्कार÷ को जीवन में उतारते हुए समाज के हित में कार्य करेंगे। यह प्रतिबद्धता दर्शाती है कि संगठन केवल संरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि विचार और कार्य के स्तर पर भी सक्रिय है।

इस बैठक ने स्पष्ट कर दिया कि नैनपुर क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियां तेजी से विस्तार कर रही हैं और स्थानीय स्तर पर नेतृत्व उभर रहा है। आने वाले समय में यह कार्यकारिणी सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएगी। बैठक का समापन सकारात्मक ऊर्जा और भविष्य की स्पष्ट रणनीति के साथ हुआ, जिसने कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार किया।

इस प्रकार नैनपुर की धरती से उभरता यह नेतृत्व न केवल संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकेत देता है, बल्कि क्षेत्रीय विकास और सामाजिक जागरूकता की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार दिखाई देता है।

# ग्राम गोंगलई में क्षीर धारा ग्राम योजना अंतर्गत पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित



सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

ग्राम गोंगलई, दिनांक 17 अप्रैल 2026 पशुपालन विभाग द्वारा क्षीर धारा ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम गोंगलाई में पशु स्वास्थ्य एवं उपचार शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को उनके द्वार पर ही बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने अपने पशुओं के साथ पहुंचकर सेवाओं का लाभ लिया। इस दौरान पशुओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, रोग निदान, औषधि वितरण एवं आवश्यक उपचार किया गया। साथ ही विभिन्न संक्रामक एवं मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण भी किया गया, जिससे पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विशेष रूप से शिविर में कृत्रिम गर्भाधान (.ढ्ढ.) एवं गर्भ परीक्षण की सुविधा भी प्रदान की गई, जिससे पशुपालकों को उन्नत नस्ल सुधार एवं उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी। विशेषज्ञों द्वारा पशुपालकों को पशुपालन प्रबंधन, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं रोग नियंत्रण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर डॉ. बादल पाटले (विकास खंड नोडल अधिकारी) ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जा रही है तथा पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी पशुपालकों से नियमित टीकाकरण एवं समय-समय पर जांच कराने की अपील की।साथ ही ग्राम सरपंच श्रीमती लता मुकेश पटले एवं उपसरपंच श्री सोभराम लिल्हारे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण हित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

शिविर में डॉ. पूजा धुर्वे (ग्राम नोडल अधिकारी), श्री जितेंद्र सिंहमारे , श्रीमती छबी घोरमारे , पशु सखी पिरमन बिसेन एवं गौसेवक अर्जुन कटरे की विशेष उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त नवनीत हरिनखेरे, आनंद दहाके, दीपक बघेले, प्रिंस कोकोडे, नितेश चौधरी, विशाल मेश्राम एवं सुमित बागड़े सहित अन्य सहयोगियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के सफल आयोजन से ग्राम के पशुपालकों में उत्साह देखा गया तथा उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की मांग की। यह शिविर ग्रामीण पशुपालन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# पियुष दवनलाल टेम्भरे ने 10वी में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार गांव व जिले का नाम रोशन किया

### कड़ी मेहनत और अनुशासन से हासिल की सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर

बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

बालाघाट जिले के लालबर्रा क्षेत्र के कोपे गांव निवासी दवनलाल टेम्भरे के पुत्र पियुष टेम्भरे सांदीपनि स्कूल लेंडेझरी ने एमपी बोर्ड की 10वी की परीक्षा में 98.6त्न प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र सहित जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद गांव में खुशी का माहौल है और शुभचिंतक लोग पियुष को बधाई देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं। पियुष ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के दम पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा और बेहतर परिणाम प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों शुभचिंतकों में गर्व की भावना देखी जा रही है व हर्ष का माहौल है।



परिवार के सदस्यों का कहना है कि पियुष शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रहा है। उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास लगातार किए जाएं, तो सफलता अवश्य मिलती है। स्थानीय लोगों और परिचितों ने भी पियुष को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों का कहना है कि पियुष टेम्भरे की सफलता क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं, विशेषकर बेटियों बेटों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी पियुष की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, गांव, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि वह आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा। पीयूष टेम्भरे ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक अर्जित कर अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित परिजनों, गांव के कुछ विशेष लोगों, अपने विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। पियुष को मिली इस सफलता में आशीष टेम्भरे, दवनलाल टेम्भरे, दीपक टेम्भरे,अशोक टेम्भरे, हेमंत टेम्भरे, विशेष मार्गदर्शक श्रीमती सुनिता शैलेश घरडे (गुलशन मेडिकल कोपे) प्रकाश चौहान, राजेंद्र पुंड, मुकेश अवधिया, आकाश चौहान, संजू चौहान, राजेश ठाकरे सहित परिजनों व शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई और शुभकामनायें देकर बालक के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सावंगी उद्यान में आम फल बहार नीलामी, 1.75 लाख की रिकॉर्ड बोली पर बिकी फसल

**बालाघाट।** जिले के उद्यान विभाग अंतर्गत संचालित शासकीय रोपणियों में आम फल बहार की नीलामी प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी कड़ी में 15 अप्रैल 2026 को विकासखंड वारासिवनी स्थित शासकीय संजय निकुंज, सावंगी में नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। नीलामी में बालाघाट सहित आसपास के जिलों के व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सहायक संचालक उद्यान श्री क्षितिज कराडे ने बताया कि प्रतिस्पर्धात्मक बोली के दौरान सिवनी जिले के बरघाट विकासखंड के ग्राम सर्रा निवासी श्री हमीद अंसारी ने 1 लाख 75 हजार रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर आम फल बहार का ठेका प्राप्त किया।

# बालाघाट में राज्य सेवा व वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियां तेज

बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को जिले में दो सत्रों में किया जाएगा। पहला सत्र प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 02.15 बजे से 04.15 बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इसी क्रम में बालाघाट जिले के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री चतुरभुज सिंह को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वे परीक्षा से दो दिन पूर्व जिले में पहुंचकर सभी परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और परीक्षा दिवस पर केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी करेंगे। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. उपाध्याय को पर्यवेक्षक के लिए लाइजनिंग अधिकारी बनाया गया है। लाइजनिंग अधिकारी को निर्देशित किया गया हैं कि वे पर्यवेक्षक को हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, जिसमें लिपिकीय सहायता, ई-मेल, कंप्यूटर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं शामिल हैं। कलेक्‍ टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले में परीक्षा को सुचारू और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिले के परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# बालाघाट में गेहूँ खरीदी शुरू, 13 उपार्जन केंद्रों पर नोडल अधिकारी तैनात

बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

बालाघाट जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत किसानों से गेहूँ खरीदी का कार्य 15 अप्रैल से शुरू हो गया है। कलेक्टर मृणाल मीना ने खरीदी प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी बनाने के लिए जिले के 13 उपार्जन केंद्रों पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। नियुक्त नोडल अधिकारी खरीदी केंद्रों की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि पंजीकृत किसानों को समय पर टोकन जारी हो तथा निर्धारित मात्रा के अनुसार गेहूँ की तौल और भंडारण सही तरीके से हो। साथ ही, खरीदे गए गेहूँ के परिवहन और गोदामों में सुरक्षित स्टैकिंग की व्यवस्था भी उनकी जिम्मेदारी होगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यदि किसी समस्या का निराकरण तत्काल संभव नहीं हो पाता है, तो उसे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उपार्जन केंद्रों पर बारदान (जूट के बोरे) की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। कमी की स्थिति में संबंधित अधिकारी जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन और ई-उपार्जन वाट्सएप समूह के माध्यम से तत्काल सूचना देंगे। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने पंजीकरण और टोकन के आधार पर ही गेहूँ विक्रय के लिए उपार्जन केंद्रों पर पहुंचें, ताकि खरीदी कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

### 13 उपार्जन केंद्रो में नियुक्त नोडल अधिकारी

बालाघाट तहसील के ग्राम लामता के उपार्जन केन्‍ द्र लामता केंद्र क्रमॉक 01 के लिए कृषि विस्‍ तार अधिकारी श्री लक्ष्‍ मीकांत खांडेकर मो.नं. (7869127177) एवं पायली उपार्जन केंद्र में कृषि विस्‍ तार अधिकारी श्री रेखचंद मनघटे (9424371365) को नोडल अधिकारी नियुक्‍ त किया गया है। इसी तरह किरनापुर तहसील के ग्राम बडगांव उपार्जन केंद्र क्रमांक 01 में कृषि विस्‍ तार अधिकारी श्रीमति महेश्‍ वरी भालाधरे (9165605413), लांजी तहसील के उपार्जन केंद्र लांजी केंद्र क्रमांक 01 में श्री अमित नारनौरे (7697109065 ), वारासिवनी तहसील के उपार्जन केन्‍ द्र वारासिवनी केन्‍ द्र क्रमांक 01 में श्री गौतम पुसामे (8858958246), खैरलांजी तहसील के ग्राम खैरलांजी उपार्जन केंद्र किन्‍ ही मंडी शेड केन्‍ द्र क्रमांक में श्री मति करूणा उके (9424992190), कटंगी तहसील के ग्राम थाना उपार्जन केन्‍ द्र कटंगी नंदलेसरा गादाम केन्‍ द्र क्रमांक में कुमारी मोनिका मसराम(8517034160) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बैहर तहसील के ग्राम बैहर नजूल उपार्जन केंद्र बैहर नजूल में श्रीमति प्रेमादिनी नाग (8989252838) एवं ग्राम गढी उपार्जन केंद्र परसामाउ गढी में श्री आकाश कुमार ऐडे (9584005377), बिरसा तहसील के ग्राम दमोह उपार्जन केंद्र दमोह तरुण वेयरहाउस केंद्र क्रमांक 01 में खिमलेश्‍ वरी धुर्वे (7828146461), परसवाडा तहसील के उपार्जन केंद्र परसवाडा सावित्री वेयरहाउस केंद्र क्रमांक में कु. वर्षा तिलगाम ( 7477003892) एवं ग्राम छपरवाही समिति चिखलाझोडी छपरवाही केंद्र क्रमांक 01 में श्री वीरेन्‍ द्र मरकाम ( 9425757274) तथा लालबर्रा तहसील के ग्राम पांढरवानी वृत्‍ ताकार समिति लालबर्रा केंद्र पांढरवानी केंद्र क्रमांक 01 के लिए कृषि विस्‍ तार अधिकारी श्रीमति प्रतिभा रंगारे (9589178087) को नोडल अधिकारी नियुक्‍ त किया गया है।

### कड़ी मेहनत और अनुशासन से हासिल की सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर

# पलक अवधिया ने 12वीं में 86 प्रतिशत पाकर बढ़ाया मान

लालबर्रा| संवाददाता
rashtrabaan.in

लालबर्रा क्षेत्र के अमोली गांव निवासी राकेश अवधिया की पुत्री पलक अवधिया ने एमपी बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 86.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद गांव में खुशी का माहौल है और लोग पलक को बधाई देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं पलक ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के दम पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा



और बेहतर परिणाम प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों में गर्व की भावना देखी जा रही है।

परिवार के सदस्यों का कहना है कि पलक शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रही हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास लगातार किए जाएं, तो सफलता अवश्य मिलती है स्थानीय लोगों और परिचितों ने भी पलक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों का कहना है कि पलक की सफलता क्षेत्र के अन्य छात्रों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी पलक की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि वह आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी। पलक को मिली इस सफलता में श्री गणेश प्रसाद अवधिया (दादा ), श्रीमती उमा अवधिया (दादी), राकेश अवधिया (पापा ), सीमा अवधिया (मम्मी ), साधना अवधिया (चाची ), मुकेश अवधिया ( चाचा), प्रकाश चौहान, प्रिन्स, प्रियांश, अवीर सहित परिजनों व शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई और शुभकामनायें देकर बालिका के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# जल जीवन मिशन की मिसाल : शंकरपिपरिया में 'हर घर जल' से बदली तस्वीर

बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

बालाघाट जिले के खैरलांजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम शंकरपिपरिया आज 'हर घर जल' अभियान की सफलता का एक जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। जल जीवन मिशन के तहत यहाँ न केवल पानी की समस्या का समाधान हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में व्यापक बदलाव भी देखने को मिला है।

कुछ वर्ष पहले तक शंकरपिपरिया के ग्रामीणों, खासकर महिलाओं को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए 2 दिसंबर 2020 को नल-जल योजना का कार्य शुरू किया गया। सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए 75.21 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई, जिसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियरों और ग्रामीणों के सहयोग से योजना ने तेजी पकड़ी। करीब ढाई साल की मेहनत के बाद 2 अगस्त 2023 को कार्य पूर्ण हुआ। पूरे गाँव में पाइपलाइन बिछाई गई और प्रत्येक घर में नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। योजना के तहत केवल पानी उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी प्राथमिकता रही। इसके लिए गाँव की महिलाओं को स्न्ञ्जय (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से पानी की जांच का प्रशिक्षण दिया गया। अब ग्रामीण स्वयं श्व॥ मान, क्लोराइड, आयरन और फ्लोराइड जैसे तत्वों की जांच कर पानी की शुद्धता सुनिश्चित करते हैं। 15 दिसंबर 2023 को योजना का विधिवत हैंडओवर ग्राम पंचायत शंकरपिपरिया को कर दिया गया। अब पंचायत ही इसके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी निभा रही है, जिससे योजना की निरंतरता सुनिश्चित हो रही है। आज गाँव के सभी 494 घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध है। इसका सीधा असर ग्रामीण जीवन पर पड़ा है, महिलाओं को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता, जिससे समय और श्रम की बचत हुई है। स्वच्छ पानी मिलने से जलजनित बीमारियों में कमी आई है ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार और संतोष का भाव बढ़ा है

राष्ट्रबाण
सिवनी, शनिवार 18 अप्रैल 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

# गौतम के शासन में उत्कृष्ट विद्यालय में गर्त में जा रहा परीक्षा परिणाम

### उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी का गिरता ग्राफ, 100% रिजल्ट से फेल बढ़ोतरी तक पहुँची हालत

कभी शत-प्रतिशत परिणाम के लिए जिले और प्रदेश में पहचान बनाने वाला सिवनी का उत्कृष्ट विद्यालय अब अपने ही रिकॉर्ड से पीछे छूटता नजर आ रहा है। लगातार गिरते परीक्षा परिणाम, बढ़ती फेल संख्या और प्रबंधन पर उठते सवालों ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in



महेश कुमार गौतम, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय : लापरवाही का पर्याय बना प्राचार्य।




उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी : परिणाम में लगातार फिसल रहा स्कूल।

**सिवनी** नगर का उत्कृष्ट विद्यालय, जो कभी अपने शानदार शैक्षणिक परिणामों के लिए जाना जाता था, आज गिरते प्रदर्शन और अव्यवस्थाओं के चलते चर्चा में है। यह वही विद्यालय है जहां कभी शत-प्रतिशत परिणाम सामान्य बात हुआ करती थी और जिले के टॉपर यहीं से निकलते थे। लेकिन बीते दो वर्षों में स्थिति पूरी तरह बदल गई है और अब परिणाम लगातार नीचे जा रहे हैं।

शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं का परिणाम 96.51 प्रतिशत रहा था, जिसमें केवल 5 छात्र ही अनुत्तीर्ण हुए थे। यह आंकड़ा भले ही संतोषजनक माना जा सकता है, लेकिन इसके अगले ही सत्र 2025-26 में स्थिति चिंताजनक रूप से बिगड़ गई। इस वर्ष परिणाम घटकर 92.59 प्रतिशत पर आ गया, यानी लगभग 4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे भी अधिक गंभीर बात यह रही कि फेल होने वाले छात्रों की संख्या तीन गुना बढ़कर 18 तक पहुंच गई।

यह गिरावट केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यालय की कार्यप्रणाली और प्रबंधन पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। खास बात यह है कि इस उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश भी सामान्य स्कूलों की तरह नहीं होता। यहां छात्रों को प्रवेश परीक्षा और मेरिट के आधार पर चयनित किया जाता है, यानी यहां पढ़ने वाले छात्र पहले से ही शैक्षणिक रूप से मजबूत होते हैं। इसके बावजूद इस तरह का गिरता परिणाम सीधे-सीधे शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

स्थानीय स्तर पर इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार गौतम की कार्यप्रणाली को माना जा रहा है। आरोप है कि उनके नेतृत्व में विद्यालय की अनुशासन व्यवस्था और शैक्षणिक निगरानी दोनों कमजोर हो गई हैं। एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई बार पीरियड शुरू होने के बाद भी शिक्षक कक्षाओं में नहीं पहुंचते और बाहर ही समय बिताते रहते हैं। यदि यह आरोप सही है, तो यह स्थिति अत्यंत गंभीर है और सीधे तौर पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

इतना ही नहीं, प्राचार्य द्वारा कक्षाओं का नियमित निरीक्षण भी नहीं किया जाता। आमतौर पर किसी भी विद्यालय में प्राचार्य की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं होती, बल्कि वह शैक्षणिक गुणवत्ता की निगरानी भी करता है। लेकिन यहां इस जिम्मेदारी की अनदेखी होने के आरोप लग रहे हैं। यह पूरा मामला केवल एक विद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। जब एक उत्कृष्ट विद्यालय, जहां चयनित छात्र पढ़ते हैं, वहां इस तरह के परिणाम सामने आते हैं, तो सामान्य विद्यालयों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। अब जरूरत है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लें और ठोस कार्रवाई करें। विद्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार, नियमित निरीक्षण और शिक्षकों की जवाबदेही तय करना बेहद आवश्यक है। अन्यथा, उत्कृष्ट विद्यालय का यह दर्जा केवल नाम तक सीमित रह जाएगा और छात्रों का भविष्य दांव पर लगता रहेगा।

### जिला शिक्षा अधिकारी भी नहीं देते ध्यान

इस पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी शिवराज सिंह कुमरे की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। बताया जा रहा है कि उन्हें विद्यालय की स्थिति की जानकारी है और कई बार शिकायतें भी की गई हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यही कारण है कि हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और परिणाम इसका सीधा प्रमाण बनकर सामने आ रहे हैं। स्थानीय समाजसेवी शंकर मखीजा का कहना है कि एक समय था जब इस विद्यालय का परिणाम पूरे जिले के लिए गर्व का विषय होता था। यहां से निकलने वाले छात्र न केवल जिले बल्कि प्रदेश स्तर पर भी पहचान बनाते थे। लेकिन वर्तमान स्थिति में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जो बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्राचार्य की कार्यप्रणाली को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं निभाई गईं। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भी खराब हो सकती है।



शंकर मखीजा, समाजसेवी : गिरता परिणाम चिंताजनक, कलेक्टर महोदया को ध्यान देने की जरुरत।



शिवराज सिंह कुमरे, डीईओ : लापरवाह प्राचार्य को संरक्षण ने रिजल्ट कर दिया ख़राब।

### तिलक स्कूल की स्थिति और बत्तर

नगर के तिलक हाई स्कूल की स्थिति बद से बत्तर है यहां 10 कक्षा में 25 छात्रों में महज पांच छात्र ही उत्तीर्ण हुए, तो पांच छात्रों को पूरक आई और 15 छात्र फेल हो गए। बता दें की यहां पदस्थ प्राचार्य पर पहले कबाड़ बेचने और छात्रों से पुताई करने, पुताई फर्जी बिल निकालने के आरोप लग चुके है। वर्तमान परीक्षा परिणाम ने प्राचार्य साकुरे के कार्यशैली और लापरवाही को उजागर कर दिया है।

## सोमवारी चौक को दहलाने वाले गुंडों का निकला जुलूस

# अब खाएंगे जेल की हवा!

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**शहर** की शांति भंग करने वाले और राहगीरों के खून-पसीने की कमाई पर डाका डालने वाले सफेदपोश बदमाशों के बुरे दिन शुरू हो गए हैं। कोतवाली पुलिस ने सोमवारी चौक क्षेत्र में दहशत का पर्याय बन चुके कुख्यात बदमाश पंकज गोदरे और उसके शागिर्द बल्ले सरदार को दबोचकर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### वसूली का गंदा खेल और सरेराह गुंडागर्दी

मिली जानकारी के मुताबिक, ये बदमाश राह चलते लोगों का रास्ता रोककर जबरन वसूली करते थे। ताजा मामला 13 अप्रैल की रात का है, जब ढेंकी निवासी गोलू उर्फ महेन्द्र साहू अपने घर लौट रहे थे। तभी अरुण मेडिकल के पास इन 'सड़क छाप' लुटेरों ने उन्हें रोका और 200 रुपये की अड़ीबाजी करने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो इन बदमाशों ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दीं। मां-बहन की गंदी गालियां देते हुए गोलू पर लात-घूंसों की बरसात कर दी और जान से मारने की धमकी दे डाली।

### पुराना पापी है पंकज गोदरे!

हैरानी की बात तो यह है कि आरोपी पंकज गोदरे कोई नया अपराधी नहीं है, बल्कि अपराध की दुनिया का पुराना खिलाड़ी है। इसके खिलाफ कोतवाली थाने में मारपीट और गुंडागर्दी के 13 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। यह इतना शातिर है कि पूर्व में इसे जिला बदर भी किया जा चुका है, लेकिन इसकी फितरत नहीं बदली। दिसंबर 2025 में भी इसने शराब के लिए पैसे न देने पर एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई की थी और तब से फरार चल रहा था।

### पुलिस का चाबुक चला, तो ठंडी हुई हेकड़ी

एसपी सुनील मेहता के सख्त निर्देश और एएसपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी की टीम ने जाल बिछाया। पुलिस की दबिश से घबराए बदमाश यहां-वहां दुबकते रहे, लेकिन कानून के लंबे हाथों ने 14 अप्रैल को बल्ले सरदार और 15 अप्रैल को मुख्य आरोपी पंकज गोदरे को घसीटते हुए थाने ले आई।
गिरफ्तार आरोपियों पंकज गोदरे (32) निवासी मेहतर मोहल्ला, भैरोगंज और इख्तियार सिंह उर्फ बल्ले सरदार (23) निवासी ग्राम छिंदिया, पलारी है। इस शानदार कार्रवाई में सउनि जसवंत ठाकुर, प्रमोद मालवीय, विनय सेंगर, संतोष साहू और अन्य जवानों की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के व्यापारियों और आम जनता ने राहत की सांस ली है।

### इनका कहना है।

सिवनी की सड़कों पर गुंडागर्दी की गर्मी दिखाने वालों को अब जेल की ठंडक ही नसीब होगी!

– सतीश तिवारी
थाना प्रभारी कोतवाली

## मध्य प्रदेश बोर्ड मेरिट सूची में सिवनी जिले का शानदार प्रदर्शन

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in



**मध्य प्रदेश** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में सिवनी जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जिले के कई छात्र-छात्राओं ने टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला सिवनी द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के गृह निवास पर पहुँचकर उनका सम्मान किया गया तथा बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

प्रदेश मेरिट सूची में खुशी राजपूत ने 500 में से 496 अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया। प्रीत पटेल ने 495 अंक प्राप्त कर पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। इशिका रहंगडाले ने 492 अंक प्राप्त कर आठवाँ स्थान हासिल किया। दिशा सिंह चौहान ने 491 अंक अर्जित कर नौवाँ स्थान प्राप्त किया। वहीं हिमांशी जांगड़े ने 490 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट सूची में दसवाँ स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सभी विद्यार्थियों के घर पहुँचे, जहाँ उन्होंने पुष्पमाला श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान कर उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान विद्यार्थियों के माता-पिता एवं परिजनों ने भी परिषद के इस सम्मान कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

### जानलेवा हॉस्पिटल सुशील जैन मेमोरियल की जांच के लिए बनी कमेटी

**छिंदवाड़ा।** पीलिया के इलाज के लिए सुशीला जैन मेमोरियल अस्पताल में भर्ती महिला मरीज की मौत का मामला उच्च स्तर पर भी पहुंच गया है। मरीज की मौत की जांच के लिए सीएमएचओ ने तीन डॉक्टरों की टीम का गठन किया है और रिपोर्ट जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए गए हैं। यहां पर उल्लेखनीय है कि मुलताई निवासी उषा सावरकर को पेट की बीमारी के इलाज के लिए छिंदवाड़ा के सुशीला जैन मेमोरियल अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन चार दिन तक उचित इलाज नहीं मिला और आखिरकार नागपुर ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया।

## कैमरे में कैद हुए चोर...लेकिन पुलिस की पकड़ से दूर, दर्जनों चोरियों के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

राष्ट्रबाण छिंदवाड़ा | संवाददाता rashtrabaan.in




**शहर** में लगातार चोरियों के बढ़ते मामले अब चिंता का सबब बनते जा रहे हैं। खासकर कोतवाली थाना इलाके में हो रही चोरियां पुलिस के साथ-साथ अब आम जनता के लिए भी चुनौती बन गई है। बीती रात एक बार फिर अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की घटना को अंजाम दिया। ऐसे में एक बार फिर कोतवाली पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। हैरानी की बात तो ये है कि कोतवाली थाना इलाके में हुई चोरियों के सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास मौजूद हैं, जिनमे चोर सेंधमारी की घटना को अंजाम देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद भी आजतक पुलिस के हाथ एक भी चोर नही लगा है। इसी तरह कोतवाली थाना इलाके की इतवारी बाजार स्थित किराना दुकान में चोरों ने शटर तोड़कर लाखो रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया।

वारदात बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात की है। दुकानदार के मुताबिक चोरों ने लगभग एक लाख रुपए का सामान चुरा ले गए हैं। सीसीटीवी कैमरे में दो चोर कैद हुए हैं। आशीर्वाद किराना दुकान संचालक आशीष लालवानी ने बताया कि चोरों ने बुधवार रात लगभग 3 बजकर 10 मिनट पर सब्बल की मदद से दुकान की शटर तोड़कर अंदर घुसे थे। सुबह लगभग 4 बजे वे दुकान से बाहर निकले हैं। चोरों ने 3 से 4 हजार ज रुपए नकदी, सिगरेट, पाउच समेत किराना सामान चुरा ले गए हैं। आशीष के मुताबिक चोरों ने लगभग 1 लाख रुपए का सामान चुराया है। पीड़ित ने कोतवाली थाने में शिकायत की है।

# परशुराम जयंती को लेकर कोतवाली में बैठक, जुलूस मार्ग व व्यवस्थाओं पर बनी सहमति

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in



**आगामी** परशुराम जयंती के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में थाना कोतवाली में आयोजकों एवं ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, जुलूस मार्ग तथा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में समाज के प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया। जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग को लेकर विशेष चर्चा की गई, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

आयोजकों ने बताया कि परशुराम जयंती का आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत पूजा-अर्चना, शोभायात्रा और विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। समाज के लोगों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आयोजकों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समय और मार्ग का पालन करें। बैठक के अंत में सभी पक्षों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि परशुराम जयंती का आयोजन आपसी समन्वय, शांति और सौहार्द के साथ किया जाएगा, ताकि यह पर्व सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बन सके।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433